भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4860
जिसका उत्तर मंगलवार, 23 दिसम्बर, 2014 को दिया जाना है

सरकारी क्षेत्र के उद्यमों द्वारा नवीकरणीय परियोजनाएं

4860. श्री दुष्यंत सिंह:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ऊर्जा प्रबंधन कार्यक्रम के एक भाग के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के लिए कोई निदेश जारी किए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उन्होंने राज्य-वार तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम-वार कितनी विद्युत का उत्पादन किया है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय ने ऊर्जा प्रबन्धन कार्यक्रम के एक भाग के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों को कोई निदेश जारी नहीं किए हैं।

(ख): उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

******